तापमान
अधिकतम 25.2 डिग्री
न्यूनतम 9.6 डिग्री

हरिभूमि
# महासमुंद भूमि
रायपुर, रविवार 15 दिसंबर 2024

14 एक साथ 25 खंडपीठों में सुलझे 56229 लंबित मामले



16 पोषक विद्यालय संपर्क अभियान के तहत अंग्रेजी...





## खबर संक्षेप

### झाड़ियों में मिली बाइक से एक लाख से ज्यादा का गांजा बरामद

**महासमुंद।** झाड़ी में खड़ी एक बाइक से एक लाख से ज्यादा का गांजा बरामद किया है। मामले में बागबाहरा पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ जुर्म दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी गई है। लोदेड़ नाला आदिवासी भवन के पीछे झुरमुट में थाना बागबाहरा में संदिग्ध हालत में पल्सर मोटर सायकल क्रमांक सीजी 28 जे 4528 के होने की सूचना मिली थी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर बाइक के पीछे सीट में एक जूट की बोरी में भरा गांजा 8 किलो 85 ग्राम कीमत 1,21,275 रुपए को बरामद किया। पुलिस ने गांजा के अलावा बाइक कीमत 1,00,000 रुपए को भी जब्त किया है। मामले में अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 20 (ख) एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है।

### मेडिकल कॉलेज का डीएमई ने किया निरीक्षण

**महासमुंद।** संचालक चिकित्सा शिक्षा (डीएमई) डॉ. यूएस पैकरा ने शासकीय मेडिकल कॉलेज का निरीक्षण किया। डीएमई ने नए मैडिकल कॉलेज भवन का भी जायजा लिया। उन्होंने नए भवन का कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने वर्तमान मेडिकल कॉलेज सह जिला अस्पताल में आधुनिक मशीनें व सीटी स्कैन मशीन लगाने संबंधित व्यवस्थाओं की जानकारी ली। चिकित्सा सेवा में विस्तार के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मरीजों को समय पर बेहतर इलाज की सुविधा मिल सके। इस अवसर पर प्रभारी डीन अलख राम वर्मा व निखिल और मेडिकल कॉलेज के चिकित्सक और स्टाफ मौजूद रहे।

### बीएससी प्रथम सेमेस्टर रसायनशास्त्र प्रायोगिक परीक्षा 16 एवं 17 को

**महासमुंद।** पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर के आदेशानुसार शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय महासमुंद में शिक्षा सत्र 2024-25 बीएससी (डीएससी) एवं बीए/बीकॉम/बीसीए (जीई) प्रथम सेमेस्टर नियमित एवं स्वाध्यायी छात्र-छात्राओं की रसायनशास्त्र डीएससी/जीई की प्रायोगिक परीक्षा समय सारणी निम्नानुसार है 16 दिसंबर 2024 को प्रातः 09 बजे से अपराह्न 12 बजे तक 1 बैच मैथ्स ग्रुप एवं 1 बैच बायो ग्रुप । अपराह्न 01 बजे से शाम 04 बजे तक 2 बैच बायो ग्रुप । 17 दिसंबर 2024 प्रातः 09 बजे से अपराह्न 12 बजे । 3 बैच बायो ग्रुप एवं 4 बैच जीई (बीए, बीकॉम, बीसीए के स्टूडेंट) की परीक्षा होगी। इस दौरान सभी विद्यार्थियों की उपस्थिति अनिवार्य है । विद्यार्थी आधा घंटे पूर्व परीक्षा केंद्र में पहुंचना सुनिश्चित करेंगे ।

# सिकासेर नहर परियोजना की खिलाफत पर बिफरे किसान, आज जुटेंगे रणनीति बनाने

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

सिकासेर नहर परियोजना का विरोध कर रहे पूर्व मंत्री अमितेश शुक्ला के मंतव्य के विरोध में महासमुंद-झलप क्षेत्र के किसानों की बैठक आज रविवार को भूतेश्वर नाथ मंदिर प्रांगण, छिलपावन में रखी गई है। मिली जानकारी के अनुसार महासमुंद क्षेत्र में लाए जा रहे सिकासेर बांध के बेकार बह जाने वाले पानी को इस क्षेत्र में लाने और सिंचाई सुविधा से संपन्न बनाने इस परियोजना को स्वीकृति मिली है। इस संबंध में आज की बैठक, चर्चा एवं रणनीति के लिए क्षेत्रीय किसानों की अधिकाधिक उपस्थिति की उम्मीद है। इस संबंध में परियोजना के सूत्रधार एवं आंदोलन के नेतृत्व कर्ता हितेश चंद्राकर एवं इस परियोजना के कोर कमेटी के सदस्यगण तुलाराम चंद्राकर, खेमराज बघेल, छविंदर पटेल, प्रेम यादव, प्रकाश चंद्राकर, धरमदास साहू, चंद्रशेखर सिंग, भूपेंद्र चंद्राकर, मित्रभान पटेल आदि किसानों ने कहा कि पूर्व मंत्री अमितेश शुक्ला को ज्ञान की कमी या अपने डूब चुके राजनीतिक अस्तित्व को सिकासेर नहर परियोजना के माध्यम से किसानों को गुमराह कर रहे हैं। चंद्राकर ने कहा है कि अमितेष मंत्री भी रहे है, उन्हें जानकारी होनी चाहिए कि बांध निर्माण के पूर्व उद्देश्य व वाटर प्लानिंग तय हो जाती है जिसको बाद में परिवर्तन नहीं किया जा सकता। सिकासेर बांध का जो वाटर प्लानिंग है उसे परिवर्तन नहीं किया जा रहा हैं। वर्तमान में जिसका सर्वे चल रहा है उसका बांध के वाटर प्लानिंग से कोई लेना-देना नहीं है। वर्तमान सिकासेर नहर परियोजना छुरा ब्लॉक के असिंचित, हमेशा अकाल से जूझ रहे गरीब आदिवासी बेल्ट फिंगेश्वर ब्लॉक के असंचित क्षेत्र, बागबाहरा एवं महासमुंद, पिथौरा ब्लाक लगातार सूखा की मार झेल रहे किसानों के लिए जीवनदायिनी साबित होगी।



## भाजपा नेताओं ने पूर्व मंत्री शुक्ला के बयान पर दी कड़ी प्रतिक्रिया

### किसानों को लड़ाने की हो रही राजनीतिः चुन्नीलाल

पूर्व सांसद चुन्नीलाल साहू ने कहा है कि राजिम क्षेत्र व महासमुंद जिले का संबंध रोटी-बेटी से जुड़ा है। जिसे लड़ाकर अमितेष शुक्ल राजनीति करना चाह रहे हैं। गरियाबंद छुरा विकासखंड तथा फिंगेश्वर के 18 गांव अल्प वर्षा एवं सूखे से लगातार प्रभावित रहा हैं।



गरियाबंद-छुरा विकासखंड के वनांचल क्षेत्र के लोग सिंचाई साधन हेतु पोरेल बांध बनाने हेतु वर्षों से मांग उठाते रहे हैं। लेकिन, उनकी नही सुनी गई। आज जब सर्वे किया जा रहा है तो आगामी दिनों में इस क्षेत्र के वासियों को भी सिंचाई सुविधा मिलेगी। साहू ने कहा कि राजिम क्षेत्र में अपनी घटती लोकप्रियता के कारण किसानों को आपस में लड़ाने अमितेष उलूल-जुलूल बयानबाजी कर रहे हैं। साहू ने कहा है कि उनके दादा पंडित रविशंकर शुक्ल सबसे पहले महासमुंद जिला के सरायपाली विधानसभा से विधायक निर्वाचित होकर मध्यप्रदेश के प्रथम मुख्यमंत्री बने एवं उनके चाचा विद्याचरण शुक्ल महासमुंद संसदीय क्षेत्र से 7 बार सांसद बनकर केन्द्रीय मंत्री रहे।

### सिकासेर परियोजना में बाधा डालने वालों के खिलाफ खोलेंगे मोर्चाः प्रेम

भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य भाजपा किसान मोर्चा व पूर्व मंडल अध्यक्ष भाजपा ग्रामीण मंडल महासमुंद प्रेम चंद्राकर ने कहा कि अमितेष को बयान देने से पहले इस परियोजना के बारे में जानकारी ले लेनी चाहिए। अमितेष जान लें कि जिले को सिकासेर बांध से नहीं बल्कि बरसात के समय उसके उलट का पानी जो व्यर्थ बह जाता है उसे ही केनाल (नहर) के माध्यम से इस परियोजना के माध्यम से छुरा, महासमुंद, बागबाहरा ब्लॉक में लाने के लिए है। उन्होने कहा कि भाजपा किसान मोर्चा द्वारा किसान विरोधी कांग्रेस पार्टी के खिलाफ मोर्चा खोला जाएगा और गांव-गांव जाकर कांग्रेस के चाल चरित्र एवं किसान विरोधी सोच को उजागर करेंगे।



## विडंबना: नगर पालिका कर्मियों के आंदोलन से पूरा शहर प्रभावित

# नालियां जाम, सड़क पर बह रहा गंदा पानी, हड़ताल से सफाई व्यवस्था बदहाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद


नगर पालिका कर्मचारियों के हड़ताल पर जाने से शहर की सफाई व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। जगह-जगह कचरे का ढेर लगा हुआ है। नालियां जाम हो गई है, जिससे नाली का पानी सड़क पर फैल रहा है। गंदे पानी की बदबू और सड़क पर वाहनों के चलने से लोगों को छींटे भी पड़ रहे हैं। घरों से कचरा का उठाव नहीं हो रहा है।

नगर पालिका परिषद के नियमित, प्लेसमेंट और स्वच्छता दीदी शनिवार को भी हड़ताल रहे। अधिकतर कर्मचारी नया रायपुर तूता धरना स्थल पर शामिल होने गए हैं और कुछ कर्मचारी स्थानीय पालिका के बाहर अपने 6 सूत्री मांगों को लेकर धरने पर बैठे हुए हैं।

कर्मचारी नेता जय किशन सोनी और हीरा चौहान ने संयुक्त रूप से कहा कि जब तक शासन कुंभकर्णी नींद से नहीं जागती है और हमारी मांगों को पूर्ण नहीं करती है तब तक हम धरने पर बैठे रहेंगे। आम जनता को होने वाली परेशानियों को लेकर कर्मचारियों ने खेद जताते हुए कहा कि सरकार उनके अधिकार और न्यायोचित मांगों पर ध्यान ही नहीं दे रही है न ही अभी तक हमारे प्रतिनिधियों को चर्चा के लिए आमंत्रित किया गया है। कर्मचारियों ने बताया कि तीन माह पूर्व संचालक नगरी प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा कर्मचारियों की मांगों के निराकरण के लिए पांच सदस्यीय समिति का गठन किया गया था जिसकी रिपोर्ट आज भी प्रस्तुत नही हो पाई है।







**आगे पानी और प्रकाश व्यवस्था में बाधा के आसार:** कर्मचारियों की मानें तो अभी तो केवल सफाई व्यवस्था ही प्रभावित है, आगे यही स्थिति रही तो पानी और बिजली जैसी व्यवस्था को बाध्य करने के लिए मजबूर होंगे। कर्मचारी नेताओं ने कहा कि प्रदेश के 184 निकायों के तीनों कर्मचारी संगठन जिसमें नियमित प्लेसमेंट और स्वच्छता दीदी तीनों एक साथ मिलकर संयुक्त मोर्चा का गठन कर अपनी लड़ाई लड़ेंगे और अपनी आवाज बुलंद करेंगे।

### टैक्स रिसीव करने तक कर्मचारी नहीं

पालिका के बकायादार जो टैक्स अदा करने पालिका पहुंच रहे हैं उनके भुगतान स्वीकार करने तक पालिका में कोई वैकल्पिक व्यवस्था नही है। छत्तीसगढ़ नगरीय निकाय प्लेसमेंट कर्मचारी महासंघ एवं नियमित कर्मचारियों का दल पिछले कई दिनों से हड़ताल पर हैं। ये वे कर्मचारी है, जिन पर नगर पालिका के सफाई, जल प्रदाय और बिजली विभाग की जिम्मेदारी है।

### समझाईश के बाद भी नहीं लौटे कर्मचारी

नगर पालिका के 30 वार्डो में सफाई व्यवस्था ठप होने के कारण नालियां जाम सहित सड़कों में कचड़े पड़े है। जिससे मच्छर पनप रहे है। पालिका के नियमित कर्मचारियों के साथ-साथ प्लेसमेंट कर्मचारी भी धरने पर हैं, जिससे पालिका क्षेत्र की सफाई व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गई है। समझाइश के बाद भी कर्मचारी काम पर लौटने तैयार नहीं है।

# दो अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में दो की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

बसना थाने के अंतर्गत सड़क हादसे के अलग-अलग मामलों में दो लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने रिपोर्ट के बाद मामले की विवेदना शुरू कर दी है। पुलिस ने बताया कि 12 दिसंबर की सुबह करीबन 8.30 बजे ग्राम जबलपुर निवासी जयप्रकाश प्रधान हारवेस्टर चलाने के ले अपने मोसा. क्रमांक सीजी06एसचसी1166 से ग्राम बरनाईदादर जावेंद्र पटेल को लेने आया था। जयप्रकाश प्रधान अपनी बाइक को चलाते हुये जावेंद्र को लेकर जाकर जा रहा था। रास्ते में पेट्रोल खत्म होने से जयप्रकाश प्रधान पेट्रोल लेने चला गया और जावेंद्र पटेल बाइक को ढुलाते हुए पैदल ले जा रहा था। ग्राम पथरला पुलिया के पास पहुंचने पर बिलाईगढ़ की ओर से एक अज्ञात वाहन के चालक अपने वाहन को तेजी एवं लापरवाही पूर्वक चलाते हुये सामने से ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया जिससे जावेंद्र पटेल के सिर व पैर में गंभीर चोट लगने से मौके पर ही उसकी मृत्यु हो गई। पुलिस ने रिपोर्ट पर आरोपी अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ धारा 106(1) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया है। सड़क दुर्घटना के दूसरे मामले को लेकर पुलिस ने बताया कि 12 दिसंबर को 8.30 बजे बंसुला में हो रहे लक्ष्मी पूजा को देखने विजय बेलदार पैदल जा रहा था। बसना से पदमपुर रोड ग्राम बंसुला के प्राथमिक शाला के सामने पहुंचने पर बसना की ओर से आ रही मोटर सायकल हीरो एचएफ 100 क्र सीजी06एचए7911 के चालक ने अपने मोटर सायकल को तेजी एवं लापरवाही पूर्वक चलाते हुए आकर विजय बेलदार को पीछे से ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया, उसे गंभीर चोट आई। इसके बाद युवक को निजी अस्पताल बसना में भर्ती कराया गया। 13 दिसंबर को डॉक्टर द्वारा चेक कर विजय की मौत हो जाना बताया। पुलिस ने रिपोर्ट पर आरोपी वाहन चालक के खिलाफ धारा 106(1) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है।

### घर से आभूषण समेत नगद रकम की चोरी

**महासमुंद।** बागबाहरा के कपड़ा व्यवसायी के ग्राम अनवपुर स्थित घर से सोने-चांदी के आभूषण समेत नगद रकम की चोरी का मामला सामने आया है। पुलिस ने बताया कि बागबाहरा के कपड़ा व्यवसायी खेमराज पटेल पिता हलधर पटेल का ग्राम अनवपुर में घर है। उसे 12 दिसंबर को उसके छोटे भाई दिलेश्वर पटेल ने फोन कर बताया कि घर में कोई अज्ञात व्यक्ति घर अंदर घुसकर तुम्हारे कमरे का ताला तोड़कर कमरे में रखे सामानों की चोरी कर ली है। प्रार्थी ने इसके बाद गांव जाकर अपने कमरे में देखा तो सामान अस्त व्यस्त बिखरा हुआ पड़ा मिला एवं कमरे में रखे आलमारी का ताला एवं लाकर टूटा हुआ था, जिसमें रखे सामान को चेक करने पर सोने की चेन, सोने का हार, सोने की लाकेट, सोने की बाली, सोने की अंगूठी वजन करीबन 7 तोला कीमत करीबन 1,40,000 रुपए एवं चांदी का आभूषण पायल, बिछिया, चांदी का करधन वजनी करीबन 500 ग्राम कीमत करीबन 10,000 रुपए तथा नगद रकम करीबन 1,50,000 रुपए नहीं थे। जिसे किसी अज्ञात चोर ने चोरी कर लिया। पुलिस ने रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 331(4), 305(ए) बीएनएस का मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

# किराना सामान की कीमतों में लगातार बढ़ोत्तरी से बढ़ी परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

किराना सामग्रियों की कीमतों में लगातार तेजी होने से उपभोक्ताओं की परेशानियां बढ़ गई है। खाद्य तेल से लेकर गेहूं, चावल सहित अन्य खाद्य सामग्रियों में काफी तेजी देखने को मिल रही है। पैकेट के सामान भी काफी महंगे हो चुके हैं। जिले में भी खाद्य सामग्री की व्यवस्था बाहर से कराई जा रही है।

विगत कुछ महीने के भीतर खाद्य सामग्रियों की कीमतों में महंगाई का असर देखने को मिल रहा है। खाद्य तेल भी 2100 रुपए से लेकर 2300 रूपये तक में प्रति टिन बिक रहा है। गेहूं, चावल की कीमतों में भी काफी तेजी बताई जा रही है। वर्तमान में गेहूं 3600 से 4000 रुपए क्विंटल बिक रहा है। दाल में भी काफी तेजी बनी हुई है। 120 रुपए से लेकर 170 रुपए किलो तक में दाल बेची जा रही है।

चावल में भी काफी तेजी आ जाने से अच्छा चावल 6500 रुपए क्विंटल बिक रहा है। इसके साथ-साथ अन्य सामग्रियों की कीमतों में भी काफी तेजी आ गई है। दो महीने के भीतर खाद्य सामग्रियों की कीमतों में तेजी आ जाने से घर का बजट भी अब पूरी तरह से गड़बड़ाया हुआ है। आम लोगों की परेशानियां भी बढ़ गई है। किराना व्यापारी प्रेमराज गोलछा का भी कहना है कि दो महीने के भीतर खाद्य तेलों में ढाई सौ से तीन सौ रुपए की तेजी आयी है। चावल, गेहूं, मैदा, राहर दाल, मूंग, उड़द सहित अन्य खाद्य सामग्रियों की कीमतों में भी 30 से 40 रुपए की बढ़ोतरी हुई है। पैकेट के सामान भी अब महंगे हो गए हैं। बहरहाल खाद्य सामग्रियों की कीमतों में काफी तेजी आ जाने के कारण आम उपभोक्ताओं की परेशानियां बढ़ने लगी है।

## जनादेश परब कार्यक्रम अंतर्गत प्रेस वार्ता

# सरकार की एक वर्ष की उपलब्धियां गिनाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

राज्य सरकार गठन के एक वर्ष पूर्ण होने पर आयोजित जनादेश परब कार्यक्रम अंतर्गत जिले में प्रेस वार्ता कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में किया गया। कार्यक्रम में खाद्य एवं जिले के प्रभारी मंत्री दयालदास बघेल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम में राज्य सरकार के पिछले एक वर्ष की उपलब्धियों को मीडिया के समक्ष प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा, रेडक्रॉस सोसायटी के सभापति संदीप दीवान, कलेक्टर विनय कुमार लंगेह मौजूद थे।

खाद्य एवं जिले के प्रभारी मंत्री दयालदास बघेल ने राज्य में पिछले एक वर्ष में हुए विकास कार्यों और जन-कल्याणकारी योजनाओं की विस्तार से जानकारी साझा की। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने अपने वादों को पूरा करते हुए जनहित में कई महत्वपूर्ण योजनाओं को लागू किया है। सबसे पहले 18 लाख पीएम आवास स्वीकृत किए गए। यह सरकार पर जनता के भरोसे की बहाली का सबसे पहला कदम है। सुशासन दिवस पर 13 लाख किसानों को दो साल के बकाया धान की बोनस राशि दी। 3100 रुपए प्रति क्विंटल और 21 क्विंटल प्रति एकड़ धान खरीदी की। लाख उन्होंने बताया कि खाद्य सुरक्षा एवं वितरण प्रणाली में सुधार करते हुए गरीब एवं जरूरतमंद परिवारों को निःशुल्क चावल और अन्य खाद्यान्न उपलब्ध कराए गए। सार्वजनिक वितरण प्रणाली के डिजिटलाइजेशन से पारदर्शिता और लाभार्थियों की सुविधा में सुधार हुआ है। 70 लाख महिलाओं के खाते में महतारी वंदन योजन की अब तक 10 किश्तों में 6 हजार 530 करोड़ रुपए की राशि भेजी जा चुकी है। प्रदेश के श्रद्धालुओं के रामलला के दर्शन के लिए अयोध्या धाम राम लला दर्शन येजना के तहत अब तक 20 हजार श्रद्धालुओं को दर्शन का लाभ मिल चुका है। तेंदपत्ता संग्रहण की राशि 4 हजार रूपए प्रति मानक बोरा से बढ़ाकर साढ़े 5 हजार रूपए की गई है। जनजातीय गौरव दिवस के दिन मुख्यमंत्री ने राज्य के बैगा, गुनिया, सिरहा आदि को पांच-पांच हजार रुपए सम्मान निधि देने की घोषणा की है।



खाद्य मंत्री दयालदास बघेल ने कहा कि राज्य सरकार ने अपने एक वर्ष के कार्यकाल में जनहित को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। जिले के विकास में तेज गति से कार्य हुए हैं और आने वाले समय में हम विकास की नई ऊंचाइयों को छुएंगे। उन्होंने मीडिया कर्मियों और जिलेवासियों से अपील की कि वे सरकार की योजनाओं का लाभ लें और विकास कार्यों में सहयोग दें।

## स्कूली बच्चों, एनएसएस के छात्राओं को दी गई कानूनी जानकारी और कैरियर संबंधी टिप्स


**महासमुंद।** शासकीय माता कर्मा कन्या महाविद्यालय के तत्वावधान में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) महिला इकाई द्वारा ग्राम मचेवा की शासकीय प्राथमिक शाला में सात दिवसीय एनएसएस शिविर का आयोजन किया गया। गुरुवार को शिविर एक बौद्धिक परिचर्चा सत्र का आयोजन किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव दामोदर प्रसाद चंद्रा ने बच्चों और एनएसएस छात्राओं को कानूनी जानकारी दी और उनके उज्ज्वल भविष्य निर्माण के लिए विभिन्न करियर गाइडलाइन पर चर्चा की। चंद्रा ने सायबर अपराध और उससे सुरक्षा, महिलाओं और बच्चों से संबंधित अपराधों के प्रति जागरूक किया। उन्होंने बताया कि बच्चों को अपनी रुचियों और पसंदीदा विषयों के बारे में जानकर ही भविष्य में सही कैरियर की दिशा तय करनी चाहिए। साथ ही, उन्होंने बच्चों को यह भी समझाया कि अध्ययन में कठिन परिश्रम और ईमानदारी से ही उज्जवल भविष्य का निर्माण संभव है। इसके अलावा चंद्रा ने जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यों और कानूनी सहायता के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि भारतीय संविधान के अनुच्छेद 39 ए के तहत सभी के लिए न्याय सुनिश्चित किया गया है और समाज के कमजोर वर्गों के लिए निःशुल्क कानूनी सहायता की व्यवस्था की गई है। संविधान के अनुच्छेद 14 और 22(1) के अंतर्गत राज्य का यह कर्तव्य है कि वह सबके लिए समान अवसर सुनिश्चित करे और कमजोर वर्गों को न्याय उपलब्ध कराने के लिए विधिक सेवा तंत्र स्थापित किया जाए। इसके तहत 1987 में विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम पास किया गया, जिसके तहत राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा) का गठन किया गया। चंद्रा ने बताया कि नालसा की नीतियों और निर्देशों के तहत प्रत्येक राज्य में राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण और जिले स्तर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण का गठन किया गया है। इन संस्थाओं का मुख्य कार्य गरीब और जरूरतमंद लोगों को निःशुल्क कानूनी सहायता प्रदान करना है।



आवश्यकता है
हरिभूमि
महासमुंद जिला कार्यालय में संपादकीय विभाग में
रिपोर्टर (2 पद)
के लिए आवेदन आमंत्रित हैं।
अनुभवी को प्राथमिकता
(हिंदी टायपिंग अनिवार्य)
इच्छुक व्यक्ति संपूर्ण बायोडाटा के साथ कार्यालय में संपर्क करें। समय: सुबह 11 से शाम 5 बजे तक
-संपर्क करें-
99811-31365
Email-haribhoomi.msmd@gmail.com
हरिभूमि प्रीतम प्राइड कॉम्पलेक्स, स्वामी चौक-महासमुंद

पाठक सूचना
महासमुंद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9981131365, 9098324969

**खबर संक्षेप**



### भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा का आकाश विग ने किया स्वागत

**रायपुर।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के रायपुर प्रवास के दौरान भाजपा के युवा नेता आकाश विग ने उनका स्वागत किया।

### रक्तदान शिविर का आयोजन

**रायपुर।** शासकीय हीरालाल काव्योपाध्याय महाविद्यालय अभनपुर में बुधवार को कालेज प्रबंधन, खंड चिकित्सा अधिकारी एवं एचडीएफसी के संयुक्त तत्वाधान में रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। शिविर में प्राध्यापक, कर्मचारियों सहित 32 लोगों ने रक्तदान किया। इस दौरान खंड चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर उमेश विश्वास ने कहा कि इसी प्रकार सभी के सहयोग से समय समय पर शिविर आयोजित करते रहेंगे। इस अवसर पर अश्वनी पाण्डेय खंड कार्यक्रम प्रबंधक, मनीषा जाधव, डॉक्टर एस विश्वकर्मा, डॉक्टर नम्रता श्रीवास्तव, वीरेंद्र जांगड़े ने भी कार्यक्रम में भागीदारी निभाई।

### ग्रीन आर्मी जोनल बॉडी का शपथ ग्रहण




**रायपुर।** ग्रीन आर्मी संस्था द्वारा प्रतिवर्षनुसार इस वर्ष भी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया, जिसमें मुख्य रूप से ग्रीन आर्मी के 15 जोन से जोन प्रभारी, अध्यक्ष, सचिव एवं अन्य सदस्यों ने पर्यावरण संरक्षण के लिए शपथ ग्रहण की। विगत माह जोन पदाधिकारियों के निर्वाचन की प्रक्रिया प्रारंभ की गई थी, विधिवत चयन होने के उपरांत शपथ ग्रहण का आयोजन किया गया। इस अवसर पर शपथ अधिकारी ग्रीन आर्मी संस्थापक अमिताभ दुबे ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को शपथ दिलाई। संस्था वर्ष 2025 में कार्य के लिए रोडमैप एवं एजेंडा तैयार कर चुकी है, जिसे नवनिर्वाचित पदाधिकारियों एवं सदस्यों द्वारा पूर्ण किया जाएगा। उक्ताशय की जानकारी संस्था के प्रदेश मीडिया प्रभारी शशिकांत यदु ने दी।

**पहल : 11 करोड़ 12 लाख 44 हजार 577 रुपए का अवार्ड भी पारित, अनेक मामलों में दी गई समझाइश**

# एक साथ 25 खंडपीठों में सुलझे 56229 लंबित मामले

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद





जिला मुख्यालय सहित तहसील पिथौरा, सरायपाली, बसना और बागबाहरा स्थित सिविल, श्रम न्यायालय एवं राजस्व न्यायालयों सहित कुल 25 खंडपीठों का गठन कर नेशनल लोक अदालत का आयोजन शनिवार को किया गया।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण महासमुंद के सचिव दामोदर प्रसाद चंद्रा ने बताया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं प्रधान जिला न्यायाधीश अनिता डहरिया के मार्गदर्शन एवं नेतृत्व में नेशनल लोक अदालत की उक्त सभी खंडपीठों में श्रमिक विवाद, बैंक रिकवरी प्रकरण, विद्युत एवं देयकों के अवशेष बकाया की वसूली और राजीनामा योग्य अन्य मामले के बकाया की वसूली संबंधी प्री-लिटिगेशन मामले, राजस्व न्यायालयों से संबंधित प्रकरण सुनवाई हेतु रखे गए। उक्त मामलों के अलावा राजीनामा योग्य दांडिक प्रकरण, परक्राम्य लिखत अधि. की धारा-138 के अधीन परिवाद पर संस्थित मामले, मोटर दुर्घटना दावा संबंधी मामले तथा विद्युत अधिनियम 2003 की धारा-135 (क) के तहत विद्युत चोरी के मामले तथा सिविल मामले भी थे। सभी मामलों की सुनवाई करते हुए जिला मुख्यालय स्थित विभिन्न न्यायालयों में प्रकरणों का निराकरण किया गया।

इसी प्रकार प्री-लिटिगेशन संबंधित मामलों में बैंक रिकवरी के 63 प्रकरणों में 12 लाख 85 हजार 710 रुपए अवार्ड पारित किया गया। इसी प्रकार विद्युत के 599 प्रकरणों में 75 लाख 49 हजार 175 रुपए, श्रम प्रकरण के 16 मामलों में दो लाख 26 हजार रुपए, एमएसीटी के 27 प्रकरण में. दो करोड़ 71 लाख 45 हजार, एनआई एक्ट-138 के 79 प्रकरणों में 4 करोड़ 21 लाख 70 हजार 817 रुपए तथा इसके अन्य सिविल प्रकरणों का निराकरण अवार्ड पारित किया गया। इसी प्रकार राजीनामा योग्य 2807 दांडिक प्रकरणों में राजीनामा के आधार पर प्रकरण का निराकरण किया गया। जिले के सभी तहसील एवं अनुभाग क्षेत्रों के राजस्व न्यायालयों के माध्यम से 52 हजार 560 प्रकरणों का निराकरण किया गया है। इस प्रकार नेशनल लोक अदालत में सुलह एवं समझौता के आधार पर विभिन्न खंडपीडों के माध्यम से लंबित प्रकरणों का निराकरण किया गया और उनमें रूपये 11 करोड़ 12 लाख 44 हजार 577 रुपए की राशि के अवार्ड पारित किए गए।

### दांपत्य जीवन एक साथ निर्वाह करने हुए सहमत

जिला न्यायालय में आयोजित नेशनल लोक अदालत में खंडपीठ क्रमांक-02 के समक्ष भरण-पोषण मामला जो कि महासमुंद कुटुंब न्यायालय में लंबित था। जिसमें पीठासीन अधिकारी प्रफुल्ल कुमार सोनवानी द्वारा समझाइश दिया गया जिससे प्रेरित होकर दोनों दंपत्ति एक साथ रहने के लिए सहमत होते हुए अपना दांपत्य जीवन एक साथ निर्वाह करने हेतु तैयार हो गए।

### मृतक व आहतगणों के लिए अवार्ड पारित

नेशनल लोक अदालत के समक्ष प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं खंडपीठ क्रमांक-एक के पीठासीन अधिकारी अनिता डहरिया के नेतृत्व में मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण के प्रकरण जिसका जनवरी 2024 से लंबित था। जिसमें दौलत बरिहा के पुत्र रवि बरिहा तथा हीरालाल साहू के पुत्र महेंद्र साहू के मोटर दुर्घटना दावा प्रकरण में पृथक-पृथक 13 लाख रुपए में राजीनामा के आधार पर अवार्ड पारित किया गया। इसी प्रकार रायपुर जिला के ग्राम रसनी निवासी दिनेश्वरी दीवान के पति संतराम दीवान की 9 जुलाई 2023 को वाहन से हुई मृत्यु के प्रकरण में राजीनामा के आधार पर 18 लाख रुपए, ग्राम पचेड़ा के गीत लाल धृतलहरे की मोटर दुर्घटना में हुए मृत्यु के प्रकरण में उनकी पत्नी लक्ष्मी बाई धृतलहरे को राजीनामा के आधार पर 16,50,000 रुपए, ग्राम सिघोड़ा के खगेश्वर मिरी के 8 अप्रैल 2024 को हुई मृत्यु के प्रकरण में उनकी पत्नी नीलावती मिरी को 16,50,000 रुपए का राजीनामा के आधार पर अवार्ड पारित किया गया। इसके अलावा खंडपीठ क्रमांक 4 के पीठासीन अधिकारी अनिल कुमार पांडेय के समक्ष प्रस्तुत प्रकरण में बागबाहरा विकासखंड के ग्राम सोनदादर निवासी आनंद राम ध्रुव को उसके पुत्र चमन ध्रुव के मोटर दुर्घटना में मृत्यु होने पर 13 लाख 50 हजार रुपए का अवार्ड पारित किया गया था। उक्त प्रकरण में घायल छगन दीवान को दो लाख रुपए की अवार्ड राशि प्रदान की गई। एक अन्य प्रकरण में ग्राम सिलतरा भाठापारा निवासी भंगवतीन यादव के पति जागेश्वर यादव की मृत्यु 22 जनवरी 2023 को होने पर 15 लाख रुपए का अवार्ड पारित कर सहायता प्रदान की गई।

### वीडियो कालिंग कर प्रकरण का निराकरण

लोक अदालत के समक्ष धारा 138 के एक प्रकरण में संबंधित पक्षकार से वीडियो कॉलिंग के माध्यम से आपसी सहमति के आधार पर उनके प्रकरण का निराकरण किया गया। उक्त प्रकरण पूर्व में तालुका न्यायालय बागबाहरा अंतर्गत दांडिक प्रकरण में दर्ज था। आवेदक द्वारा अपनी प्रदाय राशि वापसी की मांग की गई। उक्त प्रकरण का सुलहपूर्वक निराकरण कर निष्पादन किया।

### दांडिक प्रकरण का हुआ निराकरण

तालुका न्यायालय सरायपाली में पड़ोसी के साथ लंबे समय से रहे अनबन तथा दांडिक प्रकरण जो न्यायालय सरायपाली में दर्ज था, जिसे आपसी सुलह और समझौते के आधार पर निराकरण किया गया। उक्त प्रकरण को खंडपीठ क्रमांक-11 के पीठासीन अधिकारी विनय कुमार साहू के समक्ष प्रस्तुत किया गया। जिसमें शासन विरूद्ध उमेश बाई दांडिक प्रकरण, अपराध धारा 294, 323, 506, 34 भारतीय दंड संहिता का प्रकरण में विवाद होकर मारपीट हो जाने संबंधी जो न्यायालय में विगत 04 वर्षो से लंबित था। उक्त प्रकरण को आपसी राजीनामा कर कर सुलह समझौता कर लिया गया।

### स्वास्थ्य जांच हेतु लगाए गए स्टाल

जिला न्यायालय में आयोजित नेशनल लोक अदालत के अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी महासमुंद तथा आयुर्वेद विभाग की ओर से स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में न्यायालयीन अधिकारी-कर्मचारीगण, अधिवक्ता तथा अपने प्रकरण में उपस्थित पक्षकारगणों का स्वास्थ्य परीक्षण कराया।

# विधायक दल की बैठक में विपक्ष को करारा जवाब देने की बनी भाजपा की रणनीति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर





**विपक्ष के सवालों का जवाब देने हम तैयार : चंद्राकर**

भाजपा विधायक दल की बैठक समाप्त होने के बाद पार्टी के प्रवक्ता व विधायक अजय चंद्राकर ने कहा कि विधानसभा सत्र को लेकर बैठक में चर्चा हुई है। विपक्ष के सवालों का जवाब देने के लिए हम बैठे हैं। विपक्ष के काले कारनामों को जनता भूली नहीं है। विष्णुदेव साय की सरकार के एक साल पूरे होने पर बैठक में केक काटकर एक-दूसरे को बधाई दी गई।

विधानसभा के शीतकालीन सत्र में विपक्ष को करारा जवाब देने की रणनीति भाजपा विधायक दल की बैठक में शुक्रवार रात को बनी। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निवास पर हुई बैठक में प्रदेश के दोनों डिप्टी सीएम अरुण साव, विजय शर्मा, सभी मंत्री और विधायक शामिल हुए। इसमें नगरीय निकाय चुनाव को लेकर नगर निगमों में महापौर और नगर पालिकाओं में अध्यक्ष का चुनाव प्रत्यक्ष चुनाव कराने को लेकर कैबिनेट में जो मंजूरी दी गई है, उसका विधेयक भी लाया जाएगा। इसी के साथ अन्य विधेयकों को लेकर रणनीति बनाई गई कि इसको लेकर विपक्ष को किस तरह का जवाब देना है। विधानसभा का शीतकालीन सत्र सोमवार से प्रारंभ हो रहा है। ऐसे में प्रदेश की सत्ताधारी भाजपा के विधायक दल की बैठक सत्र के दो दिन पहले शुक्रवार की रात को हुई। इस बैठक में भाजपा के विधायकों के साथ भाजपा के प्रदेश प्रभारी नितिन नवीन, प्रदेशाध्यक्ष किरण देव, संगठन महामंत्री पवन साय भी शामिल हुए।

### हर मुद्दे पर जवाब देने की रणनीति

बैठक में इस बात को लेकर चर्चा की गई कि विपक्ष किन मुद्दों पर सरकार को घेर सकता है। इस समय सबसे बड़ा धान खरीदा का है। धान खरीदी को लेकर विपक्ष लगातार आरोप लगा रहा है। अब इस मुद्दे पर विपक्ष का सदन में सरकार को भी घेरने का इरादा है। ऐसे में विपक्ष के सवालों का करारा जवाब देने की रणनीति बनाई गई।

### पिता ने की पुत्र की शिकायत, कार लेकर गया था अब तक नहीं लौटाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

कार को लेकर पिता ने अपने बेटे के ही खिलाफ थाने में शिकायत दर्ज कराई है। कोतवाली थाना में दर्ज कराई गई शिकायत में रायपुर रोड निवासी प्रार्थी पिता दिलीप साहू ने कहा है कि उसने अपने परिवार के लिए मारुति सुजुकी कंपनी की ग्रैंड विटारा खरीदी। जिसका पंजीयन 22 नवंबर, 2023 है। पीड़ित ने कहा है कि पुत्र युवराज साहू द्वारा 05 अक्टूबर को अपने मित्र को किराए में दिया हूं कहा गया। किंतु, युवराज द्वारा कार की बात पूछे जाने पर लगातार टाल मटोल किया जाता रहा और 2 माह बीत जाने के बाद भी कार वापस नहीं मिला है। दिलीप ने बताया कि मेरी स्वयं की कार ग्रेंड विटारा वाहन क्रमांक सीजी 06 जीजेड 6281 को पुत्र युवराज मांग कर ले गया।

पूछने पर अमित पिता भानूप्रताप राय को दिया हूं कहता है। अमित से पूछने पर कहता है कि कार मैने दूसरे ही दिन युवराज को लौटा दी थी। कार का दुरूपयोग होने की आशंका जताते हुए कार वापस दिलाने और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग पुलिस से की है।

### चंद्राकर ने की पूर्व सीएम से की भेंट मुलाकात



**महासमुंद।** कांग्रेस के पूर्व विधायक के पारिवारिक शोक कार्यक्रम में पहुंचे पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने राजधानी लौटते समय अपने समर्थक नपा उपाध्यक्ष कृष्णा चंद्राकर के ग्राम लभरा स्थित व्यवसायिक प्रतिष्ठान में रुककर चंद्राकर व उनके समर्थकों से मुलाकात की व भविष्य में होने वाले नगरीय निकाय व पंचायत चुनाव को लेकर चर्चा की।



### झारा में मेधावी छात्रों का हुआ सम्मान

महासमुंद। ग्राम झारा खल्लारी में मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान समारोह हुआ। इस अवसर पर एमडी ठाकुर, अभिषेक बहादुर, राकेश झाबक, लुकेश्वरी साहू, देवेंद्र साहू, संजय साहू, परस राम निषाद, राजकुमारी दीवान, सहायक संत कुमार ध्रुव, भगवती ठाकुर आदि मौजूद रहे।

# नगर पंचायत का चुनाव लड़ना होगा 75 हजार में, निगम के लिए 5 से 8 लाख तक की लिमिट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर




**सरकार ने तय की लिमिट, आयोग से ली सलाह**

**चुनाव की तैयारी तेज, घोषणा जल्द होने की संभावना**

छत्तीसगढ़ में जल्द होने वाले नगरीय निकायों के चुनाव के लिए प्रत्याशियों द्वारा खर्च की जाने वाली राशि की लिमिट तय कर दी गई है। खास बात ये है कि नगर पंचायत के चुनाव के लिए प्रत्याशी को मात्र 75 हजार रुपयों में चुनाव लड़ना होगा, लेकिन नगर पालिका परिषद के चुनाव के लिए सीमा 2 लाख रुपए रखी गई है। नगर पालिका निगम के लिए यह सीमा 5 से 8 लाख रुपए है। अगर किसी निगम क्षेत्र में तीन लाख से कम जनसंख्या है, तो वहां 5 लाख तथा तीन लाख से अधिक जनसंख्या वाले निगमों के लिए 8 लाख रुपए की लिमिट होगी।

# अब तक 50 लाख मीट्रिक टन धान की हुई खरीदी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मार्गदर्शन में प्रदेश के किसानों से सुगमता पूर्वक धान की खरीदी की जा रही है। वहीं धान खरीदी व्यवस्था पर वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा लगातार मॉनीटरिंग की जा रही है। राज्य में धान 14 नवम्बर से शुरू हुए धान खरीदी का सिलसिला अनवरत रूप से जारी है। अब तक लगभग 50 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी हो चुकी है। धान खरीदी के एवज में 10.61 लाख किसानों को बैंक लिकिंग व्यवस्था के तहत 10771 करोड़ रूपए का भुगतान किया गया है। धान खरीदी का यह अभियान 31 जनवरी 2025 तक चलेगी। धान खरीदी के साथ-साथ मिलर्स द्वारा धान का उठाव भी शुरू कर दिया गया है। धान उठाव के लिए 3.13 लाख मीट्रिक टन धान के लिए डीओ जारी किया गया है, जिसके विरूद्ध 75 हजार मीट्रिक टन धान का उठाव कर लिया गया है।

**निकाय चुनाव आरक्षणः आरक्षण के मार्गदर्शी सिद्धांत में बताई गई प्रक्रिया**

# एससी, एसटी, ओबीसी के आरक्षित वार्डों में से एक तिहाई इन वर्गों की महिलाओं के लिए होंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर




छत्तीसगढ़ में जल्द होने वाले नगरीय निकाय चुनाव में इस बार आरक्षण की प्रक्रिया के तहत वार्डों के आरक्षण की प्रक्रिया तय की गई है। अब एसी, एसटी, तथा ओबीसी के लिए आरक्षित वार्डों में से एक तिहाई वार्ड इन वर्ग की महिलाओं के लिए लॉट निकालकर आरक्षित किए जाएंगे। इसमें आरक्षण चक्रानुक्रम के आधार पर होगा।

राज्य सरकार के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने आरक्षण प्रक्रिया के संबंध में राज्य के सभी जिलों के कलेक्टरों को मार्गदर्शी सिद्धांत तैयार कर भेजा। इससे पहले राज्य के कलेक्टरों को उनके जिलों में होने वाले चुनाव के लिए विहित अधिकारी नियुक्त किया था। अब कलेक्टरों को बताया गया है कि किस तरीके से वार्डों में आरक्षण की प्रक्रिया अपनाई जाएगी। निकाय में अनुसूचित जाति, वार्डों की संख्या का निर्धारण उप नियम 1 के तहत किया जाएगा। अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के वार्डों का आरक्षण जनसंख्या पर आधारित है, जबकि पिछड़ा वर्ग प्रवर्ग आरक्षण लॉट पद्धति से किया जाएगा। सबसे पहले अनुसुचित जाति प्रवर्ग के वार्डों का आरक्षण एवं इसके अनुक्रम में अनुसूचित जाति प्रवर्ग में का आरक्षण एवं इसके अनुक्रम में अनुसूचित जनजाति महिला प्रवर्ग का आरक्षण किया जाएगा।

### वार्ड में एससी एसटी 50 प्रतिशत तो ओबीसी आरक्षण नहीं

अनुसूचित जातियों तथा अनुसूचित जनजातियों के लिए जहां 50 प्रतिशत से कम स्थान आरक्षित किए गए हों वहां यथा संभव निकटतम रूप से कुल वार्डों की संख्या के 50 प्रतिशत की अधिकतम सीमा के अध्याधीन रहते हुए शेष स्थान अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए उनकी जनसंख्या के अनुपात में आरक्षित किए जाएंगे। तथा ऐसे वार्ड लॉट द्वारा आवंटित किए जाएंगे। लेकिन एससी एसटी के लिए कुल आरक्षण 50 प्रतिशत या इससे अधिक हो तो अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए कोई स्थान आरक्षित नहीं होगा।

**बिजनेस साइट**

# क्राफ्ट बाजार में लोगों की उमड़ रही भीड़





**महासमुंद।** स्थानीय शहर के दादा बाड़ा मैदान में आयोजित क्राफ्ट बाजार में बड़ी संख्या में खरीददारी करने के लिए पहुंच रहे लोगों की भीड़ है। क्राफ्ट बाजार के संचालक संदीप कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि यहां पर सभी प्रकार का वैरायटी का स्टाल लगा हुआ है, जहां पर मध्य प्रदेश कॉन साड़ी, ड्रेस मटेरियल्स च्यवनप्राश, आयुर्वेदिक जड़ी बूटी, राजस्थान बंदीनी सूट,चनिया चोली, मोजरी जूता, उत्तर प्रदेश, लखनवी चिकन सूट, कुर्ता-पायजामा मेरठ की खादी शर्ट, बनारसी साड़ी भदोई, बीट वर्क, कारपेट, खुर्जा, क्राकरी ब्रास आयटम, वुडन फर्नीचर, पंच वर्क सूट,स्कर्ट टॉप, हैन्ड प्रिंट बेडशीट बैंगल्स, चूर्ण सुपारी, पिकल्स (आचार), महाराष्ट्र फैंसी चप्पल, ट्रेंडी बैग्स, फलोटीग लैम्पस स्टेशनरी, बन्टी-बबली सूट,गुजरात बेड कवर कुशन कवर हैन्डवर्क टॉप्स लेडीज सूट, हेन्ड बैग, जम्मू एण्ड कश्मीर पाशमीना शाल, ड्रेस मटेरियल एम्ब्रायडी टॉप्स, हरियाणा हैंडलूम वेड कवर, फैन्सी, आर्टिफिशियल ज्वेलरी, घरधूती गैस सिगड़ी, इंडक्शन, रोटी मेकर, दिल्ली लेडीज फैंसी टॉप एंड सलवार ज्वेलरी सूट, जेन्ट्स कुर्ता, कलकत्ता जूट बैग्स, जूती, एम्ब्रायड्री, ड्रेस मटेरियल, सिल्कएण्ड काटन साड़ियां टेराकोट साड़ियां, रोटी मेकर, बेड शीट्स कुशन कवर, टेवल क्लाथ, दिवान सेट, केरला- सिल्क साड़ी, पंजाब-पंजाबी जूती, ओड़िसा-ड्रेस मटेरियल, आन्ध्र प्रदेश-ड्रेस मटेरियल्स कर्नाटक-टॉप डॉ. प्लस चप्पल, वेस्ट बंगाल-ड्राय, फ्लावर, बिहार सिल्क ड्रेस मटेरियल साथ ही सर्दियों के मौसम के लिये सस्ते दामों में कपड़े उपलब्ध है। यह क्राफ्ट मेला 31 दिसंबर तक रहेगा। संचालक संदीप कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि 2000 की खरीदी करने पर ग्राहकों को एक लक्की कूपन दिया जा रहा है। जिसमें 3 लक्की विजेताओं को अलग अलग ईनाम दिया जाएगा प्रथम फ्रिज, द्वतीय वाशिंग मशीन एवं तृतीय मिक्सर ग्राइंडर दिया जाएगा।

**खबर संक्षेप**



## बौने बंधु समाज कल्याण संघ ने सीएम साय से की भेंट

**रायपुर।** बौने बंधु समाज कल्याण संघ के मुख्य संरक्षक सच्चिदानंद उपासने, संयोजक अरविंद शुक्ल के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मुलाकात की। इस दौरान उन्हें भगवान वामन देव की तस्वीर उन्हें भेंट दी। प्रतिनिधिमंडल ने सीएम श्री साय से बौने बंधुओं सहित 14 प्रकार के अन्य शामिल किए गए दिव्यांगजनों, वृद्धजनों, अशक्तों को दी जा रही सामाजिक सुरक्षा की सहायता राशि बढ़ाकर प्रतिमाह एक हजार रुपए किए जाने की मांग की। इस दौरान आलोक श्रीवास्तव, बसंत तारक, संतोष शर्मा, मनीष खुंटे, कुलेश्वर साहू आदि उपस्थित रहे।

## गोंड समाज का परिचय सम्मेलन कल

**रायपुर।** गोंड समाज कल्याण समिति के तत्वावधान में विवाहयोग्य युवाओं का परिचय सम्मेलन टिकरापारा स्थित गोंडवाना भवन में रविवार को आयोजित है। समिति के सचिव सेवाराम ध्रुव ने विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि समाज के युवक-युवतियों के लिए परिचय सम्मेलन रखा गया है, जहां वे अपने मनपसंद जीवनसाथी की तलाश पूरी कर सकेंगे। इसके लिए पूरी तैयारी हो चुकी है। कार्यक्रम रविवार सुबह 10 बजे से शाम 7 बजे तक होगा। कार्यक्रम में शामिल होने के लिए पंजीकरण की व्यवस्था की गई थी।

## पेंशनर्स दिवस का स्थापना दिवस 17 को

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ पेंशनर्स समाज का 40वां स्थापना दिवस 17 दिसंबर को वृंदावन हॉल सिविल लाइंस में आयोजित है। इस संबंध में प्रांताध्यक्ष चेतन भारती ने विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि वर्ष 1984 से पेंशनर्स दिवस मनाया जा रहा है। यह 40वां पेंशनर्स दिवस है।

## प्रदेश देवांगन समाज की नई कार्यकारिणी ने ली शपथ



**रायपुर।** नवगठित प्रदेश देवांगन समाज छत्तीसगढ़ के नवनियुक्त अध्यक्ष डॉ. ओमप्रकाश देवांगन एवं उनकी कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह गुरुवार को दोपहर 1 बजे पचपेड़ीनाका स्थित मॉल में हुआ। कुलदेवी माता परमेश्वरी की पूजा-अर्चना के साथ शुभारंभ के बाद नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष डॉ. ओमप्रकाश देवांगन और उनकी कार्यकारिणी को वरिष्ठ संरक्षक कुंजलाल देवांगन ने शपथ दिलाई। डॉ. ओमप्रकाश देवांगन को प्रदेश अध्यक्ष, परस देवांगन को महासचिव एवं कोषाध्यक्ष वेदलाल देवांगन समेत कार्यकारिणी को शपथ दिलाई गई। समाज के सीजी पीएससी में चयनीत युवाओं शिवम देवांगन दुर्ग, डिगेश्वर देवांगन, देवांगन, श्वेता देवांगन, धनेश्वर देवांगन का शॉल, श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया गया।

**आयोजन:** विधायक ने की 10 लाख रुपए देने की घोषणा, वर्षों पुरानी मांग हुई पूरी

# साध्वी राधिका किशोरी सात दिवसीय रामकथा कार्यक्रम का हुआ समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सांकरा




जगन्नाथ मंदिर प्रांगण में अयोध्या धाम की साध्वी राधिका किशोरी की रामकथा का आयोजन बीते 7 दिनों से जारी रहा। जिसमे संगीतमय रामकथा प्रवचन सुनने हजारों श्रोताओं श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। कार्यक्रम में मेला महोत्सव माहौल हो गया। रामकथा के विभिन्न प्रसंगों को सविस्तार व्याख्या करते हुए साध्वी राधिका किशोरी ने राम नाम महिमा का बखान करते हुए कहा कि राम कथा के पंडाल में रहते तक आपका बुरा कोई कर नहीं सकता और यह भी कि आप किसी का बुरा सोच नहीं सकते। सांकरा के हृदय स्थल जगन्नाथ मंदिर के प्रांगण में लगातार दूसरे वर्ष साध्वी राधिका किशोरी की राम कथा का आयोजन किया जा गया।

पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी कथा सुनने के लिए हजारों श्रद्धालुओं का हुजूम उमड़ पढ़ा था। दानदाताओं द्वारा लगातार सात दिन तक प्रतिदिन भोजन भंडारा का आयोजन किया गया। जिसमे प्रतिदिन हजारों लोगों ने प्रसाद ग्रहण करा 8 दिसंबर से 14 दिसंबर तक लगातार 7 दिनों तक राम कथा का आयोजन किया गया। जिसमे सती प्रसंग राम जन्म और सीता राम विवाह प्रसंग पर सुरुचि पूर्ण कथा करते हुए साध्वी ने कई प्रसंगों पर श्रोताओं का भाव विभोर कर दिया तथा प्रसंग पर श्रोताओं को स्वस्फूर्त नृत्य के लिए विवश कर दिया। साध्वी ने कहा कि रामचरितमानस की रचना में तुलसीदास ने सर्वप्रथम मां सरस्वती और गणेश की वंदना की फिर शंकर-पार्वती की आराधना की फिर पंचदेव और सतगुरु देव की वंदना करते हुए कहा कि गुरु भगवान पारस पत्थर के समान है, जो लोहे को छूकर सोना बना देते हैं। धर्म ग्रंथों में राम के सहस्त्रनाम है। किंतु, राम नाम की महिमा अधिक है। साध्वी राधिका किशोरी ने रामकथा में श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। साध्वी राधिका किशोरी ने सभी रामकथा श्रद्धालुओं की प्रशंसा की। जगन्नाथ मंदिर समिति एवं सांकरावासियों को सफल आयोजन की बधाई दी। रामकथा मंच के माध्यम से बसना विधायक डॉ संपत अग्रवाल जी सांकरा की वर्षो पुरानी मांग भी पूरी की। जिसमे जगन्नाथ मंदिर प्रांगण में मंच निर्माण के लिए 5 लाख एवं सांकरा के ग्राम देवता सांकरा पाट के बाउंड्रीवाल फ्लोरिंग के लिए 5 लाख कुल 10 लाख की घोषणा की। विधायक की इस घोषणा से समस्त श्रद्धालुओं एवं सांकरावासियों ने हर्ष ध्वनि से स्वागत किया।

# कॉलेज में एक दिवसीय व्याख्यान का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय में 14 दिसंबर को मनोविज्ञान विभाग द्वारा एक दिवसीय व्याख्यान का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि डॉ गौतमी भतपहरी थीं। प्राचार्य करुणा दुबे के मार्गदर्शन में यह कार्यक्रम हुआ। कला संकाय प्रमुख डॉ रीता पांडे ने बताया कि करियर निर्माण के लिए समय प्रबंधन बहुत जरूरी है। समय प्रबंधन जीवन भर चलने वाली प्रक्रिया है। मुख्य वक्ता डॉ गौतमी भतपहरी ने सीखने की तीन शैली देख करके सीखना, सुन करके और कर के देखना के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि दिमाग को कल्पना और वास्तविकता में अंतर नहीं मालूम होता हम जैसा व्यवहार करते है हमारा मन और शरीर भी उन्हीं का अनुकरण करता है। उन्होंने बताया कि जो महत्वपूर्ण और महत्वहीन कार्यों में अंतर करना आना चाहिए, जो कार्य महत्वपूर्ण है उनको प्राथमिकता देना चाहिए। उन्होंने सोशल मीडिया के दुष्प्रभाव के बारे में चर्चा की। कार्यक्रम में रेणुका साहू, अतिथि व्याख्याता लक्ष्वंतीन जांगड़े एवं मनोविज्ञान विभाग के समस्त विद्यार्थी उपस्थित थे। मंच संचालन व आभार प्रदर्शन गायत्री चंद्राकर ने किया।



## संस्कृति संरक्षक सम्मान से नवाजे गए गोवर्धन

**महासमुंद।** आजाद युवा समिति चिपरीकोना द्वारा सार्वजनिक महालक्ष्मी महोत्सव में गोवर्धन प्रसाद साहू को उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर संस्कृति संरक्षक सम्मान से नवाजा गया।

यह सम्मान उन्हें शिक्षा, कला, साहित्य, पर्यावरण संरक्षण, सामाजिक जागरूकता और संस्कृति संरक्षण में विशेष योगदान के लिए प्रदान किया गया। कार्यक्रम में जनपद सदस्य प्रीतम सिंह सिदार, कला शिक्षक महाबली पोर्ते, उत्तम सिंह चंद्रवंशी, जयपाल बघेल, संगीता, अजय सिदार, जगदीश नेताम, नरेन्द्र सिदार, अवध राम जगत, फगुलाल राठिया, महेश राम सिदार, समिति के अध्यक्ष घनश्याम सिदार, उपाध्यक्ष गणेश सिदार, कोषाध्यक्ष तीर्थ कुमार नाग, वीरेंद्र चंद्रवंशी, शंकर सिंह सिदार, सुरेंद्र चौहान, मुकेश साहू, गीतांजलि निषाद सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# छत्तीसगढ़ सरकार के एक साल पूरा होने पर लगा रक्तदान शिविर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

छत्तीसगढ़ सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पिथौरा में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का आयोजन जिले एवं ब्लॉक स्वास्थ्य टीम के समन्वय से किया गया था, जिसमें कुल 18 व्यक्तियों ने स्वेच्छा से रक्तदान किया।

रक्तदान शिविर का खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. बीबी कोसरिया के मार्गदर्शन में हुआ। इस अवसर पर ब्लॉक प्रोग्राम मैनेजर (बीपीएम) जयकांत विश्वकर्मा और ब्लॉक एरिया टेक्निकल ऑफिसर (बीईटीओ) आरके अवस्थी भी उपस्थित रहे। शिविर का संचालन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के समस्त स्वास्थ्य स्टाफ द्वारा किया गया, जिन्होंने इस रक्तदान अभियान को सफल बनाने के लिए महत्वपूर्ण योगदान दिया। शिविर में स्वास्थ्य कर्मियों ने रक्तदान के लाभ और प्रक्रिया के बारे में उपस्थित लोगों को जानकारी दी। जिससे अधिक से अधिक लोग रक्तदान करने के लिए प्रेरित हुए। इस दौरान शिविर में रक्तदाताओं का उत्साह और जोश देखने को मिला।



## शिव महापुराण कथा आयोजन की तैयारी में जुटे नयापारा क्षेत्र के लोग

**महासमुंद।** शहर के नयापारा स्थित संतोषी मंदिर के पास आगामी 24 दिसंबर से 1 जनवरी तक आयोजित होने वाले शिव महापुराण कथा की तैयारी में वार्ड 7, 8 और 9 सहित क्षेत्र के सभी श्रद्धालुगण जुटे हुए हैं। शिवमहापुराण कथा के प्रवचनकर्ता मंदिर हसौद के पंडित सुनील प्रसाद पांडेय होंगे। इस भक्तिमय आयोजन से जुड़े सदस्य जनसंपर्क, प्रचार प्रसार कर लोगों से नयापारा की पावनधरा में आयोजित होने वाले गंगा रूपी पावन शिव कथा में शामिल होकर पुण्यलाभ अर्जित करने की अपील भी कर रहे हैं।

# किसानों को सब्जी बीज का वितरण




हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

पोषण बाड़ी को बढ़ावा देने के लिए चयनित 3 ग्राम गुडरूडीह, लहंगर और पिरदा के उत्साही 240 महिला डिजिटल फार्म स्कूल व पुरुष किसानों को प्रशिक्षण उपरांत रबी का सब्जी बीज वितरण किया गया। कार्यक्रम में अध्यक्षीय उद्बोधन में रमाकांत ध्रुव ने बताया कि हम सभी को चाहिए कि प्रत्येक घर में पोषणवाड़ी बनाई जाए जिससे हमारे महिला, बुजुर्ग और बच्चों का खानपान अच्छा हो तभी हमारा समाज स्वस्थ होगा, नवयुवकों को चाहिए कि सब्जी उत्पादन तथा फल उत्पादन को अपने व्यवसाय में भी सम्मिलित कर सकते हैं जिससे उन्हें खेती के साथ-साथ अतिरिक्त आय भी मिल जाए, संसाधन के लिए हमारा उद्यान की विभाग योजनाओं के साथ हमेशा तत्पर है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से और पंच - ललिता ध्रुव, उमा ध्रुव, सावित्री ध्रुव, राधा बाई, तुलाराम ध्रुव, भूषण ध्रुव, थानु ध्रुव, सालिक, जय ध्रुव व वरिष्ठ ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## रंगोली व मेहंदी के माध्यम से दिया जागरुकता का संदेश

**बिरकोनी।** शासकीय प्राथमिक शाला बिरकोनी में सरकार का एक वर्ष होने पर रंगोली और मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में संस्था प्रमुख देव चरण साहू और वरिष्ट शिक्षक धनेश्वरी प्रजापति, मुकेश कुमार प्रजापति, संगीता साहू और मेघा ध्रुव तथा छात्रों ने भाग लिया। जिसमें बताया गया कि सुशासन का 1 साल छत्तीसगढ़ खुशहाल रहा। छत्तीसगढ़ महतारी की सेवा में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में सफलतम एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।



जिसके तहत बच्चों ने तरह तरह के रंग रोगन व मेहंदी से छत्तीसगढ़ की जागरूक छवि को प्रदर्शित किया।

**न्यायालय तहसीलदार बागबाहरा, जिला-महासमुंद (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

क्रमांक/1705/तह./वाचक/2024
रा.मा.क्र..... ब/121, वर्ष 2023-24
ग्राम तेन्दुकोना, प.ह.नं. 8
तहसील बागबाहरा
बागबाहरा, दिनांक 11/12/2024

एतद द्वारा सर्व साधारण जनता-ग्राम तेन्दुकोना प.ह.नं. 8 रा.नि.मं. तेन्दुकोना तहसील बागबाहरा, जिला महासमुंद (छ.ग.) को सूचित किया जाता है आवेदक/आवेदिका सुलोचन दीवान पति सुरेन्द्र कुमार दीवान जाति कंवर निवासी ग्राम तेन्दुकोना तहसील बागबाहरा जिला महासमुंद द्वारा आवेदन पेश किया गया है कि मेरे पुत्र लोकेश कुमार दीवान जाति कंवर की जन्म दिनांक 11/09/2006 को हो गई है। जन्म प्रमाण पत्र नहीं होने के कारण शासकीय कार्य में परेशानी हो रही है। जन्म प्रमाण पत्र प्रदाय किया जावें। प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को उजर दावा या आपत्ति हो तो पेशी तिथि 26/12/2024 को न्यायालयीन अवधि में लिखित में उजर दावा या आपत्ति स्वतः या अपने अभिभाषक के माध्यम से पेश कर सकते हैं। नियत समय बाद प्राप्त उजर दावा या आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।

आज दिनांक 11/12/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

(मुहर) **तहसीलदार बागबाहरा**

**न्यायालय तहसीलदार बागबाहरा, जिला-महासमुंद (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

क्रमांक/1704/तह./वाचक/2024
रा.मा.क्र..... ब/121, वर्ष 2023-24
ग्राम तेन्दुकोना, प.ह.नं. 8
तहसील बागबाहरा
बागबाहरा, दिनांक 11/12/2024

एतद द्वारा सर्व साधारण जनता-ग्राम तेन्दुकोना प.ह.नं. 8 रा.नि.मं. तेन्दुकोना तहसील बागबाहरा, जिला महासमुंद (छ.ग.) को सूचित किया जाता है आवेदक/आवेदिका देवन्तीन दीवान पति दिलीप सिंह दीवान जाति कंवर निवासी ग्राम तेन्दुकोना तहसील बागबाहरा जिला महासमुंद द्वारा आवेदन पेश किया गया है कि मेरे पुत्र ज्ञानेश कुमार दीवान जाति कंवर की जन्म दिनांक 03/05/2007 को हो गई है। जन्म प्रमाण पत्र नहीं होने के कारण शासकीय कार्य में परेशानी हो रही है। जन्म प्रमाण पत्र प्रदाय किया जावें। प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को उजर दावा या आपत्ति हो तो पेशी तिथि 26/12/2024 को न्यायालयीन अवधि में लिखित में उजर दावा या आपत्ति स्वतः या अपने अभिभाषक के माध्यम से पेश कर सकते हैं। नियत समय बाद प्राप्त उजर दावा या आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।

आज दिनांक 11/12/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

(मुहर) **तहसीलदार बागबाहरा**

# भूगोल विषय में प्रायोगिक कार्य पर मास्टर ट्रेनर्स प्रशिक्षण भोपाल में तुलेंद्र एवं भावना हुए सम्मिलित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

राज्य शैक्षणिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद रायपुर द्वारा भूगोल प्रायोगिक विषय के लिए राज्य स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स क्षमता विकास पांच दिवसीय प्रशिक्षण 9 से 13 दिसंबर तक क्षेत्रीय शिक्षा संस्थान भोपाल में आयोजित किया गया था। एनसीईआर टी के शाखा भोपाल के अंतर्गत वेस्टर्न रीजन के छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, गुजरात, महाराष्ट्र एवं गोआ 5 राज्यों के 40 व्याख्याता इस प्रशिक्षण में सम्मिलित हुए। छत्तीसगढ़ के महासमुन्द जिला से दो व्याख्याता तुलेंद्र सागर बेमचा स्कूल एवं भावना पांडव बावनकेरा स्कूल से सम्मिलित होकर राज्य का प्रतिनिधित्व किया।इस प्रशिक्षण के प्रभारी डॉ अलका सिंह सहायक प्राध्यापक क्षेत्रीय शिक्षा संस्थान भोपाल के नेतृत्व में उद्घाटन सत्र संस्था के प्राचार्य प्रोफेसर जयदीप मंडल के मार्गदर्शन से प्रारंभ हुआ।

सर्वप्रथम डॉ सेबू ने आईसीटी के माध्यम से आईसीटी लैब ऑनलाइन जियो स्पेशल टेक्नोलॉजी का प्रशिक्षण दिया। जिसमें क्यूजीआईएस एवं सर्वे ऑफ इंडिया में लॉगिन कर किसी भी स्थान की मैप ऑनलाइन प्राप्त करना। डॉ सतीश सागर विश्वविद्यालय ने डाटा कलेक्ट करना टेबल तैयार करना, डायग्रेमेटिक, जियोग्राफिकल व मैप बनाने के लिये विभिन्न प्रकार के स्केल बनाना आदि को मैदान में सजीवता प्रायोगिक तौर पर समझाया। मैदान में ग्रुप वर्क में छत्तीसगढ़ की टीम प्रथम रहा। डॉ हेमंत पाटीदार सागर विश्वविद्यालय ने मैप प्रोजेक्शन के विभिन्न प्रकार को समझाते हुए मानचित्र बनाना। साथ ही संतरे पर अंक्षाश व देशांतर बनाकर उस पर मानचित्र बनाना। डॉ अलका सिंह ने रिमोट सेंसिंग के बारे में बताया बिना किसी भौतिक शरीर को छुए संपर्क करना रिमोट सेंसिंग है। डॉ दिनेश इटारसी ने डाटा, फील्ड सर्वे एवं डाटा एनालिसिस को विस्तार से बताया। डॉ चन्द्रमौलि अमरकंटक विश्वविद्यालय ने मौसम मानचित्र एवं विभिन्न विभागों मौसमी संकेत को बताया। चंदकेश मौर्य पीएचडी स्कॉलर ने सर्वे आप इंडिया से मैप आदि डाउनलोड करने के बारे में बताया। साथ ही भारत के मानचित्र पर राज्यों पजल्स बनाकर सजाने में छत्तीसगढ़ टीम प्रथम रहा। डॉ चौहान ने विज्ञान वाटिका में दूरबीन से सौर कलंक को दिखाया गया । साथ ही भौगोलिक प्रायोगिक उपकरण से जैसे वर्षामापी, हवा की गति व दिशा, तापमान मापनी, पानी की शुद्धता मापन आदि को विस्तार से समझया गया। इस प्रशिक्षण में सभी 5 राज्यों के प्रतिभागियों ने उत्साह पूर्वक प्रशिक्षण प्राप्त कर अपने-अपने राज्यों में जाकर राज्य प्रशिक्षण परिषद के माध्यम से अन्य शिक्षकों को प्रशिक्षण देंगे। अंतिम दिवस सभी प्रशिक्षार्थियों को संस्था के प्राचार्य ने प्रमाणपत्र वितरित कर विदा किया। इस प्रशिक्षण में भूगोल विभाग के बर्मा एवं वहां अध्ययन रत छात्र- छात्राओं का विशेष सहयोग रहा। छत्तीसगढ़ से प्रतिभागी शिक्षक तुलेंद्र सागर व भावना पांडब महासमुंद से, कमलेश्वर सिंह व के के वर्मा खैरागढ़ से विकास कुमार वर्मा पेंड्रा, रामसिंह पटेल सक्ति, सहदेव बारले राजनांदगांव, महावीर चंद्रा कोरबा, पुरंदर पटेल रायपुर से सम्मिलित होकर राज्य का प्रतिनिधित्व किए हैं।

## नेशनल शूटिंग स्पर्धा के लिए ट्रायल शुरू

**रायपुर।** दिल्ली एवं भोपाल में आयोजित 67वीं नेशनल चैंपियनशिप के लिए शूटर्स का ट्रायल सेशन छत्तीसगढ़ राइफल एसोसिएशन द्वारा 15 से 18 दिसंबर तक शूटिंग रेंज माना में किया जा रहा है, जिसमें छत्तीसगढ़ के शूटर्स के क्वालीफाई स्कोर के साथ उनका टीम में चयन किया जाएगा।







विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

# सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने पर छायाचित्र प्रदर्शनी में साझा कर रहे अनुभव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

सरकार गठन के एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में सरकार के एक वर्ष के कार्यकाल की उपलब्धियों को प्रदर्शित करने के लिए आज दूसरे दिन अंबेडकर चौक महासमुंद में जनसंपर्क विभाग द्वारा छायाचित्र प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में विद्यार्थी, आमजन, महिलाओं ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया।

प्रदर्शनी में सरकार की विभिन्न योजनाओं, परियोजनाओं और कार्यक्रमों की तस्वीरें और जानकारी प्रदर्शित की गई हैं। इसमे प्रमुख योजनाओं में पीएम जनमन के तहत विशेष पिछड़ी जनजाति कमार जाति के हितग्राहियों को दी जाने वाली सेवाएं, महतारी वंदन योजना के तहत महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की पहल, महिला सशक्तिकरण, कृषक उन्नति योजना के तहत किसानों के आत्मविश्वास में वृद्धि, और ग्रामीण विकास और आधारभूत संरचनाओं से जुड़ी परियोजनाओं का विवरण प्रस्तुत किया गया है। जनता के बीच सरकार की पारदर्शिता और उपलब्धियों को प्रदशर्नी के माध्यम से साझा करने के इस प्रयास को अच्छा प्रतिसाद मिल रहा है। जनसंपर्क संचालनालय द्वारा प्रकाशित छत्तीसगढ़ जनमन एवं अन्य प्रचार सामग्रियों का भी निःशुल्क वितरण किया गया।




प्रदर्शनी का अवलोकन करने पहुंचे ग्रामीण और शहरी क्षेत्र के लोगों ने सरकार के प्रयासों की सराहना की। ग्राम भोरिंग के गौरव दीवान, तुमगांव के छबि निषाद ने कहा कि मनरेगा के तहत ग्रामीण इलाकों में भी कार्य मिला है। गौरव दीवान ने कहा कि पीएम जनमन और जनजाति गौरव को ऊंचा उठाने के लिए सरकार बेहतर कार्य कर रही है। वहीं शहर के सावंत यादव, हीरा बाई और गोलू ने सरकार की योजनाओं को कारगार बताया।

हीरा बाई ने कहा कि वे महतारी वंदन योजना की हितग्राही है और उन्हें हर माह राशि प्राप्त हो रही है। इससे वे बहुत खुश है। गोलू ने कहा कि सरकार की उपलब्धियों को जनसंपर्क विभाग द्वारा बेहतर तरीके से पहुंचाई जा रही है। यह प्रदर्शनी उन्हें सरकार की योजनाओं और उनके लाभों को बेहतर तरीके से समझने का अवसर प्रदान करती है।

## खबर संक्षेप




### घोड़ारी में विविध कार्यक्रम 18 होंगे

**महासमुंद।** ग्राम घोड़ारी में संत जगत बाबा गुरु घासीदास जयंती समारोह का आयोजन 18 दिसंबर को किया गया है। जिसमें दोपहर 3 बजे जय सतनाम पंथी पार्टी घोड़ारी का कार्यक्रम होगा। तत्पश्चात रात्रि 10 बजे से ऑर्केस्ट्रा लोकधारा (सतवन टंडन) का कार्यक्रम होगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मीना जोगी निषाद, अध्यक्षता राजकुमार मन्नाडे विशिष्ट अतिथि -गणेशु बघेल, नाथूराम निषाद, सेवक यादव सहित फर्शी ठेकेदार होंगे। समिति के अध्यक्ष रामकुमार बंजारे, उपाध्यक्ष भूषण बंजारे, कोषाध्यक्ष महेंद्र ओगरे, सचिव सुधीर बंजारे ने उपरोक्त जानकारी देते हुए अधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील की है।

### सरकार का एक साल पूरा, कृषि विज्ञान केंद्र में हुई संगोष्ठी

**महासमुंद।** कृषि विज्ञान केंद्र द्वारा ग्राम धनसुली में 13 दिसंबर 2024 को सरकार गठन के 1 वर्ष पूर्ण होने पर सुशासन का एक साल छत्तीसगढ़ हुआ खुशहाल कार्यक्रम के अंतर्गत कृषक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। ग्राम धनसुली में कृषि विज्ञान केंद्र के द्वारा निकरा परियोजना का संचालन किया जा रहा है। कृषि विज्ञान केंद्र के कुणाल चंद्राकर ने किसान भाइयों को जलवायु परिवर्तन के दुष्प्रभावों एवं उससे निपटने के लिए फसल चक्र परिवर्तन एवं मृदा स्वास्थ्य प्रबंधन के बारे में जानकारी प्रदान की। मनीराम उइके ने कृषि विभाग द्वारा किसानों के लिए संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के बारे में बताया कि वे किस प्रकार से अधिक से अधिक इन योजनाओं का लाभ ले सकते हैं। कार्यक्रम के अगले चरण में एससी एसपी परियोजना अंतर्गत अनुसूचित जाति के किसानों को नेपसेक स्प्रेयर, हैंड हो एवं फसल कटाई में उपयोग होने वाले हंसिया का वितरण किया गया। कार्यक्रम में कृषि महाविद्यालय कांपा एवं कृषि महाविद्यालय फिंगेश्वर के चतुर्थ वर्ष के छात्र-छात्राएं परियोजना अंतर्गत प्रायोगिक अनुभव प्राप्त कर रहे हैं। भी उपस्थित रहे।

### प्लेसमेंट कर्मचारियों का आंदोलन जारी

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ नगरीय निकाय प्लेसमेंट कर्मचारियों का अपनी मांगों को लेकर आंदोलन शुक्रवार को भी जारी रहा। नवा रायपुर के तूता में सैकड़ों की संख्या में अनिश्चिकालीन हड़ताल पर बैठे कर्मचारियों ने अपनी मांगों को लेकर जमकर नारेबाजी लगाते हुए प्रदर्शन किया। संघ प्रमुख खेमूलाल निषाद ने बताया कि नगरीय निकाय में कार्यरत प्लेसमेंट कर्मचारी विगत 15-20 वर्षो से कार्य कर रहे हैं, किन्तु उनका वेतन अभी भी बहुत कम है।

### निधन

**जयराम तंबोली**

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा निवासी जयराम तंबोली 63 वर्ष (बल्लू) का 13 दिसंबर को निधन हो गया। अंतिम संस्कार गृह ग्राम खरोरा में किया गया। वे लखन लाल तंबोली, माखन लाल तंबोली के छोटे भाई थे।

## अभियान : महाविद्यालय में उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी छात्रों को दी गई

# पोषक विद्यालय संपर्क अभियान के तहत अंग्रेजी मीडियम स्कूलों का किया भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

छत्तीसगढ़ शासन उच्च शिक्षा मंत्रालय के निर्देशानुसार प्राचार्य डॉ.अनुसुइया अग्रवाल के मार्गदर्शन में पोषक विद्यालय संपर्क अभियान प्रारंभ किया गया।

महाविद्यालय के पोषक विद्यालय संपर्क अभियान समिति के नोडल अधिकारी प्रतिमा चंद्राकर तथा सहायक नोडल अधिकारी रवि देवांगन एवं तरुण बांधे द्वारा जिले के अंग्रेजी माध्यम के तीन अग्रणी विद्यालयों यथा वेडनर मेमोरियल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, चंद्रोदय पब्लिक स्कूल तथा गुड शेफर्ड अंग्रेजी माध्यम विद्यालय का भ्रमण किया गया। उच्च शिक्षा आयोग के पत्र अनुसार विद्यालयों के कक्षा 12वीं में पढ़ रहे विद्यार्थियों को महाविद्यालय में उपलब्ध पाठ्यक्रमों, मूलभूत सुविधाओं, भविष्य निर्माण हेतु उपलब्ध अवसरों तथा नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी दी गई।

पूर्व नियोजित कार्यक्रम के तहत पहले वेडनर मेमोरियल में वरिष्ठ शिक्षक एवं व्याख्याता गणित प्रकाश कुमार तिवारी की उपस्थिति में कक्षा 12वीं के विज्ञान तथा वाणिज्य संख्या के विद्यार्थियों के लिए कार्यशाला आयोजित की गई। पोषक विद्यालय संपर्क अभियान का उद्देश्य बताते हुए रवि देवांगन ने जानकारी दी कि विद्यार्थियों को कक्षा बारहवीं उत्तीर्ण होने के उपरांत क्षेत्र में स्थित एकमात्र अंग्रेजी माध्यम महाविद्यालय में प्रवेश लेने संबंधी जागरूक करना है। उन्होंने वर्तमान समय में अंग्रेजी माध्यम में अध्ययन के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि वर्तमान समय प्रतियोगिता का समय है। जिसमे हमे बड़े शहरों में पढ़ रहे विद्यार्थियों के स्तर में आकर अंग्रेजी में दक्षता प्राप्त करनी आवश्यक है। कार्यशाला में स्वामी आत्मानंद महाविद्यालय के वाणिज्य की व्याख्याता माधुरी दीवान तथा रसायन शास्त्र के व्याख्याता चित्रेश बरेठ भी उपस्थित रहे। बरेठ ने बताया कि नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत विज्ञान संकाय के विद्यार्थियों को एक मुख्य विषय के रूप में कल या वाणिज्य संख्याएं के विषय का अध्ययन करना पड़ता है, जिससे उनके भविष्य में बहुआयामी अवसर उत्पन्न होते हैं। नई नीति विद्यार्थियों में अधिक कौशल विकास तथा सर्वगुण संपन्न बनाने हेतु निर्मित की गई है।



### सरकारी महाविद्यालय में अनेक सुअवसर

तत्पश्चात महाविद्यालय टीम चंद्रोदय पब्लिक स्कूल में प्राचार्य नवीन कुमार, उपप्राचार्य मंजुला चंद्राकर एवं शिक्षिका प्रियंका महापात्रा के सहयोग के साथ कक्षा 12वीं के कला संकाय एवं वाणिज्य संकाय के समस्त विद्यार्थियों को संबोधित किया गया। राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी स्वामी आत्मानंद आदर्श महाविद्यालय योजना के बारे में बताते हुए प्रतिमा चंद्राकर ने जानकारी दी कि सत्र 2023-24 से पूरे राज्य में सिर्फ 10 स्थान पर अंग्रेजी माध्यम शासकीय महाविद्यालय शुरू किए गए हैं तथा उसमे से महासमुंद में भी एक महाविद्यालय होने का सौभाग्य हमें प्राप्त है, जो विद्यार्थी अंग्रेजी माध्यम स्कूलों से पढ़कर निकल रहे हैं उनके लिए यह एक वरदान से कम नहीं है। निजी महाविद्यालयों की भारी भरकम फीस के स्थान पर शासकीय महाविद्यालय जितनी मामूली सी फीस के साथ महाविद्यालय के नियमित विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति तथा विभिन्न अंतर-महाविद्यालय, राज्य तथा राष्ट्रीय स्तर की प्रतिस्पर्धा में भाग लेने का शुअवसर प्राप्त होता है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति में उपलब्ध बहुविषयी पाठ्यक्रमों की जानकारी विद्यार्थियों से साझा की गई। विभिन्न संकायों में उपलब्ध सीट संख्या की जानकारी देते हुए रवि देवांगन ने बताया कि स्नातक प्रथम सेमेस्टर में बीए. में 60, बीकॉम में 90, बीएससी (गणित) में 60 तथा बीएससी (कंप्यूटर विज्ञान) में 60 सीट के साथ महाविद्यालय में कुल 270 सीट के लिए प्रवेश लिया जाता है।

### सवालों को दिया जवाब

तत्पश्चात महाविद्यालय की टीम ने इमलीभाठा स्थित गुड शेफर्ड अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में निदेशक अनिता रावटे की अनुमति तथा प्राचार्य एमएस. राव के सहयोग से कक्षा 12वीं की कला तथा वाणिज्य संख्या के समस्त विद्यार्थियों से रूबरू होते हुए। प्रतिमा चंद्राकर ने बताया कि आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम महाविद्यालय में कला संकाय में ऐसे विद्यार्थी प्रवेश लिए हुए हैं जो अपना भविष्य प्रशासनिक सेवा तथा प्रतियोगी परीक्षाओं के माध्यम से बनाना चाहते हैं। विद्यार्थियों की उत्सुकता का निवारण करते हुए उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता परीक्षाओं में पूछे जाने वाले मुख्य प्रश्न सामान्य अध्ययन के होते हैं जिसमें इतिहास, भूगोल, अर्थशास्त्र, राजनीति आदि विषयों के प्रश्न आते हैं जो कला संकाय के मुख्य विषय ही होते हैं। प्राचार्य राव ने विद्यार्थियों को जीवन में सफल होने के लिए सामान्य ज्ञान तथा सामान्य अध्ययन के विषयों के चुनाव के लिए प्रेरित किया।

# बागबाहरा में अंतरराज्यीय कबड्डी प्रतियोगिता आज से

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा

जय चंडी खेल, कला क्लब द्वारा अखिल भारतीय महिला एवं पुरूष कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन 14 दिसंबर से 16 दिसंबर तक बागबाहरा के जैन मंदिर प्रांगण में किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में महिला एवं पुरूष वर्ग की दिल्ली, हरियाणा, उत्तरप्रदेश, मुंबई महाराष्ट्र, हिमाचल प्रदेश, मध्यप्रदेश, ओड़िशा, पं बंगाल समेत छत्तीसगढ़ की लगभग 42 टीमे भाग लेंगी। इस प्रतियोगिता अतिथि के रूप में खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव, पूर्व सांसद चंदूलाल साहू, पूर्व विधायकगण पूनम चंद्राकर, विमल चोपड़ा, बागबाहरा नगर पालिका अध्यक्ष हीरा सेतराम बघेल, जनपद अध्यक्ष स्मिता हितेश चंद्राकर शामिल होंगे।



पुरूष वर्ग में प्रथम पुरस्कार 51000 रुपए स्व लालता प्रसाद गुप्ता की स्मृति में किशोर गुप्ता द्वारा, द्वितीय 35000 महावीर ट्रेडर्स प्रतीक जैन, तृतीय 21000/ न्यू स्टार शूज़ मोहम्मद रफीक मेमन, चतुर्थ 11000/ स्व देवकी बाई, स्व थानुराम साहू की स्मृति में पोखराज साहू, मोतीलाल साहू द्वारा एवं महिला वर्ग का प्रथम पुरस्कार 51000 स्व हरबंस लाल बग्गा की स्मृति में बग्गा परिवार बागबाहरा, द्वितीय 35000/ स्व राजकुमारी सोनी की स्मृति में रामा ज्वेलर्स राज ज्वेलर्स राजेश सोनी, रोशन सोनी, तृतीय 21000 स्व सुरजा बाई की स्मृति में संतोष चौहान, चतुर्थ पुरस्कार 11000 रुपए स्व लक्ष्मीचंद चंद्राकर की स्मृति में रवि चंद्राकर द्वारा प्रदाय किया जाएगा।

सभी विजेता टीमों को कप/शील्ड स्व लक्ष्मीकांत शुक्ला की स्मृति में धर्मेश शुक्ला द्वारा प्रदान किए जाएंगे। जय चंडी खेल, कला क्लब बागबाहरा के वरिष्ठ उपाध्यक्ष नवनीत सलूजा ने बताया कि इस आयोजन को सफ़ल बनाने के लिए समिति के संरक्षक विवेकानंद सिंह ठाकुर, अशोक अग्रवाल, दीपक यादव, जित्तू चंदेल, नीरज सोनी, बलराम ठाकुर, भावेश पुरोहित, मेघराज साहू, प्रकाश दास मानिकपुरी, रामलाल निसाद, दशरथ पंडा, नीरज वर्मा, अमन श्रीवास्तव, जगमीत राय, गगन बघेल, अशोक दीप, दुर्गाशंकर दुबे, संतोष चंद्राकर आदि सदस्य लगातार सक्रियता से कार्य कर रहे है।

# मरीजों की पहचान व उपचार के लिए घर-घर सर्वे का कार्य



**नर्रा।** आयुष्मान आरोग्य मंदिर नर्रा अंतर्गत निक्षय निरामय छत्तीसगढ़ 100 दिवसीय पहचान एवं उपचार अभियान 7 दिसंबर से 24 मार्च 2025 तक आयोजित किया जा रहा है। उक्त अभियान में टीबी के शंकास्पद मरीजों की खोज, उच्च जोखिम समूहों वाले व्यक्तियों का चिन्हांकन, कुष्ठ शंकास्पद मरीजों की खोज (एलसीडीसी) वयोवृद्ध स्वास्थ्य संक्षण कार्यक्रम अंतर्गत वयोवृद्ध की हेल्थ प्रोफाईल के साथ सूची बनाने का कार्य किया जा रहा है। टीम में चिकित्सा अधिकारी डॉ दिलीप सतपथी, विकासखंड कार्यक्रम प्रबंधक हेमकुमार सोनकर, खंड विस्तार एवं प्रशिक्षण अधिकारी एम चौधरी, आरएचओ डिलेश्वरी परमार एवं डिगेंद्र परमार मौजूद रहे।

# दिव्यांग बच्चों के लिए हुए खेलकूद के साथ सांस्कृतिक आयोजन भी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

वर्तमान भाजपा सरकार के एक वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने पर समाज कल्याण विभाग द्वारा शासकीय बहु दिव्यांग विशेष विद्यालय में शुक्रवार को दिव्यांग बच्चों के लिए खेल-कूद और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में दिव्यांग बालकों के लिए कुर्सी दौड़, जलेबी दौड़, 200 मीटर दौड़ और नृत्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसके अलावा बच्चों के लिए विशेष भोजन की व्यवस्था भी की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विभाग की उपसंचालक संगीता सिंह मौजूद रहीं। उनके साथ जिला कार्यालय समाज कल्याण के अधिकारी/कर्मचारी और संस्था के अधिकारी/कर्मचारी भी उपस्थित थे। कार्यक्रम के अंत में दिव्यांग बालक-बालिकाओं को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए पुरस्कार वितरित किए गए।

### वीर मड़ई मेला आज

**पटेवा।** सर्व आदिवासी समाज जोगीडीपा पटेवा क्षेत्र के एकता एवं विकास मंच के तत्वावधान में 15 दिसम्बर को शहीद वीर नारायण सिंह शहादत दिवस एवं वीर मड़ई मेला का आयोजन सिद्ध बाबा मंदिर के पास जोगीडीपा में किया गया है। कार्यक्रम प्रातः 8 बजे से कलश यात्रा निकाली जाएगी।







# भाजपा अध्यक्ष नड्डा से चोपड़ा ने की विभिन्न मुद्दों पर चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

छत्तीसगढ़ भाजपा सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने पर रायपुर के साइंस कॉलेज मैदान में जनादेश परब का आयोजन किया गया। जिसमे बतौर मुख्य अतिथि भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष व केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा रहे। इस अवसर पर पूर्व विधायक एवं भाजपा प्रदेश प्रवक्ता डॉ विमल चोपड़ा ने राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा से भेंट की। भेंट के दौरान डॉ चोपड़ा ने नड्डा से स्वास्थ्य व चिकित्सा संबंधी और विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की।

डॉ चोपड़ा ने कहा कि छत्तीसगढ़ सुशासन सरकार का एक साल पूरा होने पर राज्य सरकार ने राज्य के विकास के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं, इन एक साल में सरकार ने कई महत्वपूर्ण योजनाओं को लागू किया है। जिनमे सरकार ने नक्सलवाद के खिलाफ लड़ाई में महत्वपूर्ण प्रगति की है। राज्य के विकास के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं, जिनमे से एक है सुशासन की स्थापना। भाजपा सरकार ने जनकल्याणकारी योजनाओं को लागू किया है, जिससे स्वास्थ्य और शिक्षा के क्षेत्र में सुधार होगा। छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार प्रदेश की महिलाओं गरीबों, किसानों, छात्रों और अन्य सभी वर्ग के लोगों के जीवन स्तर को ऊंचा करने के लिए समर्पित है। डॉ चोपड़ा ने आगे कहा कि आने वाले सालों में प्रदेश और अधिक प्रगति की ओर अग्रसर होगा। इस चर्चा में राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा और उनकी धर्मपत्नी मल्लिका नड्डा भी उपस्थित रहीं, जिन्होंने डॉ विमल चोपड़ा के साथ अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद में साथ कार्य किया था।



